
ज़ोरदार छींक

कहानी: एच. ई. टॉड

चित्र: वैल बिरो







ज़ोरदार छींक

कहानी: एच. ई. टॉड

चित्र: वैल बिरो



क्रिसमस की पूर्व संध्या पर आधी रात को बॉबी ब्रूस्टर एक ज़ोरदार छींक से जाग गया - "आछू!"

पहले तो उसे लगा कि वो कोई सपना देख रहा था, लेकिन उसने फिर से दुबारा सुना - "आछू!"

जब उसने अपने बेडसाइड की लाइट जलाई, तो उसने कुर्सी पर सफ़ेद दाढ़ी वाले एक बुज़ुर्ग सज्जन को बैठे हुए देखा. वो लाल कोट और सिर पर एक लाल हुड पहने हुए थे.



"आप कौन हैं?" बॉबी ने पूछा. वो एक बेतुका सवाल था, है ना?

"मैं फादर क्रिसमस हूँ," उस आदमी ने जवाब दिया - "आछू!"

"असली फादर क्रिसमस?" बॉबी ने पूछा.

"हाँ," उस आदमी ने कहा - "आछू!"

"लगता है आपको भयंकर ज़ुकाम हुआ है," बॉबी ने कहा.

"हां, मुझे बिल्कुल भी अच्छा नहीं लग रहा है," फादर क्रिसमस ने कहा - "आछू!"

छींक इतनी तेज़ थी कि उसे सुनकर बॉबी के माता-पिता भी कमरे में आ गए!



जैसे ही मिसेज़ ब्रूस्टर ने देखा कि बॉबी के साथ कौन है, उन्होंने कहा:

"बेचारे बूढ़े फादर क्रिसमस, आपकी तबियत बिल्कुल भी अच्छी नहीं लग रही है."

"आछू!" फादर क्रिसमस ने छींका.

फिर मिस्टर ब्रूस्टर ने बाहर देखा. ज़ोरदार बर्फ़बारी हो रही थी.

"ऐसी रात में इतनी सर्दी-ज़ुकाम के साथ आप बाहर नहीं जा सकते हैं," उन्होंने कहा.

"फिर मेरे उपहारों का क्या होगा?' फादर क्रिसमस ने पूछा - "आछू!"

"हम आपके बाकी उपहार लोगों तक पहुँचा देंगे," मिस्टर ब्रूस्टर ने कहा. "आपको अब सोना चाहिए."






फिर मिसेज़ ब्रूस्टर ने एक अच्छी गर्म पानी की बोतल भरी. मिस्टर ब्रूस्टर ने गेस्ट रूम को गर्म करने के लिए गैस की आग जलाई.

बॉबी, दराज़ खोलकर अपने पिता का एक जोड़ी पजामा लाया.

फिर उन्होंने फादर क्रिसमस को कपड़े उतारने में मदद की. उन्होंने उन्हें बिस्तर पर लिटा दिया. उनके पास गर्म पानी की बोतल रख दी. उन्हें लिटा दिया. फादर को और गर्म रखने के लिए उन्होंने उनकी दाढ़ी भी रज़ाई के ऊपर रख दी. फिर फादर सो गए.

"माँ को घर के अंदर ही रहना चाहिए, क्योंकि फादर क्रिसमस कहीं जाग न जाएँ और शायद उन्हें कुछ चाहिए हो," मिस्टर ब्रूस्टर ने कहा. "बॉबी, तुम्हें मेरे साथ आना होगा और उपहार बांटने में मेरी मदद करनी होगी."

बॉबी अपने आपको बहुत महत्वपूर्ण महसूस कर रहा था. सुबह के डेढ़ बज रहे थे! उसने अपने गर्म कपड़े पहने और वो बाहर निकला.




बाहर एक बारहसिंघा और एक स्लेज खड़ी थी.



स्लेज की पिछली सीट पर कुछ उपहारों के पार्सल और लेबल का ढेर रखा था. वे बस उन्हें देखने ही वाले थे कि बारहसिंघे ने मुड़कर पूछा, "बताओ, आप लोग क्या कर रहे हो?"

"हम उपहार पहुँचाने जा रहे हैं," मिस्टर ब्रूस्टर ने उसे समझाया. "फादर क्रिसमस सर्दी-ज़ुकाम के कारण सो गए हैं."



"मुझे उसका अंदाज़ पहले से ही लग गया था," बारहसिंघे ने कहा. "जानते हो, वह बूढ़ा आदमी कभी-कभी बहुत बेवकूफ़ हो सकता है. मैंने उन्हें बताया था कि उनका सर्दी-ज़ुकाम बढ़ रहा है, लेकिन वो अपनी ज़िद पर अड़े रहे. सौभाग्य से उनका काम लगभग पूरा हो गया था, लेकिन उनके पास सभी लेबल लगाने का समय नहीं बचा था, इसलिए अगर आप लेबिलों को पार्सलों पर क्रम से बाँध दें, तो फिर मैं आपको बता दूँगा कि उन्हें कहाँ पहुँचाना है."



वे चल पड़े. वह एक बहुत ही चतुर बारहसिंघा था और अच्छी तरह जानता था कि उसे कहाँ-कहाँ जाना है. मिस्टर ब्रूस्टर सोच रहे थे कि क्या उन्हें छतों पर चढ़ना चाहिए और चिमनियों से नीचे उतरना चाहिए, लेकिन बारहसिंघे ने कहा, "नहीं, देखिए आपको उस काम की आदत नहीं है. आप चिमनी में फँस सकते हैं. इसलिए उपहारों को बरामदे में ही छोड़ दें."



एक पल के लिए चिंता हुई. उन्हें लगा कि उनके लेबल खत्म हो गए हैं - लेकिन उन्हें स्लेज के फर्श पर कुछ लेबल पड़े मिले, इसलिए उन्होंने उन्हें पार्सलों पर चिपका दिया, उपहार लोगों को पहुँचा दिए, और फिर वे घर वापिस आए.





फिर वे सोचने लगे कि बारहसिंघे का क्या करें. वह सामने के दरवाज़े से घर के अंदर नहीं घुस सकता था क्योंकि उसके सींग बहुत चौड़े थे. गनीमत थी कि गैराज खाली था क्योंकि उनकी कार की मरम्मत के लिए थी, इसलिए वे कुछ गद्दे ले आए और हिरन वहाँ सो गया.

"गैराज का दरवाज़ा थोड़ा खुला छोड़ दें," बारहसिंघे ने कहा, "ताकि फादर क्रिसमस अगर जाग जाएँ और अगर उन्हें बेहतर महसूस हो, तो वो शायद रात को घर वापिस जाना चाहें."

तब तक ढाई बज चुके थे. वे दोनों थक चुके थे, इसलिए वे बिस्तर पर चले गए और तुरंत सो गए.

जब बॉबी सुबह उठा, तो वो बहुत उत्साहित था. क्रिसमस का दिन था! वह फादर क्रिसमस के बारे में सोच रहा था. जब वह गेस्ट रूम में गया तो वहां बिस्तर खाली था. लेकिन फादर क्रिसमस ने एक नोट छोड़ा था.



प्रिय ब्रूस्टर्स,

मुझ पर और मेरे बारहसिंघे पर इतना दया करने के लिए धन्यवाद. मैं अब बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूँ. मुझे जागने के बाद से एक बार भी छींक नहीं आई. इसलिए मैं अपने घर वापिस जा रहा हूँ.

आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएँ,

फादर क्रिसमस की ओर से प्यार

कहानी यहीं खत्म नहीं होती. क्रिसमस की सुबह वे चर्च के बाद दादाजी ब्रूस्टर से मिलने गए. रास्ते में उनकी मुलाक़ात एक बुज़ुर्ग महिला से हुई.

"क्रिसमस की शुभकामनाएँ, मिसेज़ नीलसन," बॉबी ने कहा. "क्या आपको कोई अच्छा क्रिसमस उपहार मिला?"

"ठीक है, कोई बात नहीं," उन्होंने जवाब दिया. "लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं उसका कभी इस्तेमाल करूँगी. मुझे एक सिगार का डिब्बा मिला!"








"यह तो कुछ भी नहीं है," मिस्टर हैरिसन ने अपने बगीचे की बाड़ के ऊपर से देखते हुए कहा, "मेरी पत्नी को एक जोड़ी फुटबॉल बूट मिले. मेरी बेटी को एक उस्तरा मिला. मेरे बेटे को एक इत्र की बोतल मिली. और क्या आपको पता है मुझे क्या मिला? एक लेस वाली नाइटड्रेस!"





"हमने ज़रूर गड़बड़ की होगी," मिस्टर ब्रूस्टर ने बॉबी से कहा. इसमें कोई शक नहीं था.



सत्तानवे साल के एक बुज़ुर्ग सज्जन को बच्चों का एक झुनझुना मिला और नौ महीने के एक बच्चे को एक इनसाइक्लोपीडिया!





वे दादाजी ब्रूस्टर के बारे में चिंतित थे - लेकिन उन्हें चिंतित होने की ज़रूरत नहीं थी. जब उन्होंने उनकी घंटी बजाई, तो वे सामने के दरवाज़े पर आए और चिल्लाए, "क्रिसमस की शुभकामनाएँ.

मुझे मेरे जीवन का अब तक का सबसे अच्छा क्रिसमस उपहार मिला है. ज़रा अंदर आकर देखो."



वे ड्राइंग रूम में गए, और वहां फर्श पर चारों ओर एक इलेक्ट्रिक ट्रेन सेट की पटरी बिछी थी.


"मैं बचपन से ही एक इलेक्ट्रिक ट्रेन सेट चाहता था," दादाजी ब्रूस्टर ने कहा, "और अब वो मुझे मिल गया है."


फिर उन्होंने स्विच दबाया और इंजन और डिब्बे पटरी पर तेज़ी से घूमने लगे!

उस रात ब्रूस्टर परिवार ने एक खास पार्टी रखी जिसमें उन्होंने अपने पड़ोसियों को आमंत्रित किया. वे सभी आए और अपने-अपने क्रिसमस उपहार लाए. सभी ने खूब मज़ा किया, और जाने से पहले उन्होंने अपने उपहारों की अदला-बदली की ताकि हर किसी को वह उपहार मिले जो वह चाहता था.



सौभाग्य से एक लड़के को वो चमकती हुई टॉर्च मिली जो असल में दादा ब्रूस्टर को मिलनी चाहिए थी, इसलिए दादाजी अपनी इलेक्ट्रिक ट्रेन अपने पास रख पाए.





और अब दादाजी रोज़ अपनी ट्रेन के साथ खेलते हैं.



Library Cataloguing in Publication Data
Todd, H.E.